राष्ट्रीय तकनीकी शिक्षक प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान

(शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन एक स्वायत्तशासी संस्थान)
शांति मार्ग, श्यामला हिल्स, भोपाल-462 002 (म.प्र.), वेबसाइट -www.nitttrbpl.ac.in
फोन: +91(0755) 2661600, 601, 602, 607, 609

विज्ञापन संख्या 2/2023-24

राष्ट्रीय तकनीकी शिक्षक प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान (एनआईटीटीटीआर), भोपाल, भारत सरकार, शिक्षा मंत्रालय द्वारा स्थापित प्रमुख संस्थानों में से एक है, जो कि पॉलिटेक्निक एवं इंजीनियरिंग महाविद्यालयों के शिक्षकों को प्रशिक्षण प्रदान कर तकनीकी शिक्षा की चुनौतियों का सामना करने हेतु कटिबद्ध है। संस्थान सीधी भर्ती (सी.भ.) के आधार पर निम्नलिखित रिक्तियों को भरने हेतु भारत के समर्पित एवं प्रतिबद्ध योग्य नागरिकों से आवेदन आमंत्रित करता है.

क्रं.	पदनाम (रिक्त पद)	पे स्तर (7वीं सी.पी.सी. अनुसार	आयु	श्रेणी					
				SC	ST	OBC	UR	PwBD*	EWS
1.	**प्रशासकीय अधिकारी (1)**	10	40	-	-	-	01	-	-
2.	**भंडार क्रय अधिकारी (1)**	10	40	-	-	-	01	-	-
3.	**कैमरामैन (2)**	10	40	01	-	01	-	-	-
4.	**पटकथा लेखक (1)**	10	40	-	-	-	-	(R/c) 01	-
5.	**कंप्यूटर ऑपरेटर (1)**	6	35				01		
6.	**मीडिया डिज़ाइनर सह ड्राफ्ट्समेन (1)**	6	35	-	01	-	-	-	
7.	**अनुसंधान सहायक (1)**	6	35	-	-	-	-	(R/c) 01	-
8.	**हिंदी अनुवादक (1)**	5	32	-	-	-	-	-	01
9.	**सहायक फोटोग्राफर (1)**	5	32	-	-	-	01	-	-
10.	**प्रयोगशाला तकनीशियन-विज्ञान (1)**	5	32	-	-	-	01	-	-
11.	**प्रयोगशालातकनीशियन-इलेक्ट्रिकल (1)**	5	32	-	-	01	-	-	-
12.	**एसी तकनीशियन (1)**	5	32	01	-	-	-	-	-
13.	**जूनियर स्टेनोग्राफर (2)**	4	32	-	-	01	01		
14.	**सुरक्षा सहायक (1)**	4	32	-	-	-	-	-	01
15.	**इलेक्ट्रीशियन(1)**	2	32	-	-	-	01	-	-
16.	**इलेक्ट्रीशियन- ओवरहेड(1)**	2	32	-	-	01	-	-	-
17.	**बस ड्राईवर(1)**	2	32	-	01	-	-	-	-
18.	**मेसन-कम-प्लम्बर(1)**	2	32	-	-	-	-	-	01
19.	**बहु कुशल परिचारक (20)**	1	32	03	02	04	07	(2) 1-(R/a) 2-(R/d &e)	02
20.	**इंटरनल ऑडिटर (1)**	5	32	प्रतिनियुक्ति पर					

* **PwBD** श्रेणी दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम 2016 की धारा 34 के अनुसार होगी जो संस्थान की वेबसाइट **www.nitttrbpl.ac.in** पर भी दर्शाई गई है।

नोटः-

क- आरक्षित श्रेणियों के लिए आयु यूजीसी/भारत सरकार के मानदंडों के अनुसार लागू होगी। भर्ती से संबंधित अद्यतन/परिवर्तनों के लिए कृपया नियमित रूप से हमारी वेबसाइट देखें"

ख-संस्थान संचालक मंडल के निर्णय के अनुसार जिन व्यक्तियों की सेवाएं संस्थान में कॉन्ट्रैक्ट आधार पर अथवा **GeM** प्रक्रिया द्वारा अधिकृत मेनपॉवर सप्लाई एजेंसी द्वारा ली गई हैं उन्हें आयु सीमा में अधिकतम 10 वर्ष की नियमानुसार छूट रहेगी। छूट की गणना उनके द्वारा की गई वास्तविक सेवा अवधि के आधार पर होगी। **(Ref. www.nitttrbpl.ac.in)**

इच्छुक उम्मीदवार अपना आवेदन ऑनलाइन मोड में निर्धारित प्रारूप में जमा कर सकते हैं। आवेदन पत्र का लिंक एनआईटीटीटीआर भोपाल की वेबसाइट (**www.nitttrbpl.ac.in**) पर उपलब्ध है। स्व-सत्यापित प्रमाणपत्र (संस्थान की वेबसाइट देखें) आवेदन पत्र के साथ संलग्न किया जाना चाहिए। लेवल 6 तथा उससे अधिक के पदों के लिए आवेदन शुल्क रु. 1000/-, व अन्य सभी लेवल 6 से नीचे के पदोंके लिए आवेदन शुल्क रु. 750/-है. आवेदन शुल्क ऑनलाइन ही देय होगा। **SC/ST/PwBD** और महिला उम्मीदवारों के लिए कोई आवेदन शुल्क देय नहीं होगा। आवेदन पत्र ऑनलाइन भरा जायेगा एवं उसका प्रिंटआउट सभी प्रकार से पूर्ण एवं सभी सम्बंधित स्व-सत्यापित प्रमाणपत्रों के साथ निदेशक, राष्ट्रीय तकनीकी शिक्षक प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान (एनआईटीटीटीआर),शांति मार्ग, श्यामला हिल्स, भोपाल को विज्ञापन रोजगार समाचार पत्र/**Employment News** में प्रकाशित होने के 30 दिन के भीतर (जिसमें ऑनलाइन सबमिशन के लिए निर्धारित 21 दिन भी सम्मिलित हैं) पहुंचना आवश्यक है। अंतिम दिनांक के बाद मिले आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जायेगा। पूर्व में ही सेवारत उम्मीदवारों को अपना आवेदन उचित माध्यम से भेजना चाहिए। संस्थान प्रबंधन किसी भी समय रिक्त पदों में संशोधन/रद्द करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।किसी भी तरह की अस्पष्टता या विवाद के मामले में निदेशक, एन. आई. टी. टी. टी. आर. भोपाल का निर्णय अंतिम होगा एवं इस सम्बन्ध में किसी भी तरह का पत्राचार स्वीकार्य नहीं होगा।

विशेष सूचना :-

1. पद से सम्बंधित विवरण,शैक्षिक योग्यता एवं अनुभव, चयन प्रक्रिया एवं उम्मीदवारों के लिए निर्देश आदि के लिए संस्थान की वेबसाइट **www.nitttrbpl.ac.in** देखें।
2. इस विज्ञापन से सम्बंधित नवीनतम सूचनाओं के लिए संस्थान की वेबसाइट **www.nitttrbpl.ac.in** नियमित रूप से देखें। इस विज्ञापन से सम्बंधित नवीनतम सूचनाएं सिर्फ वेबसाइट पर ही उपलब्ध होंगी।

निदेशक